में शामिल होकर भोले बाबा के उनकी पूरी टीम को उत्साहित किया प्रत्याशी डॉ. श्याम लाल कोहली, व्यक्त किया।

# बीमाकृत व्यक्तियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध : सुनील कुमार

- एसिक विशेष सेवाएं पखवाड़ा का समापन।
- गुरुग्राम स्थित उप क्षेत्रीय कार्यालय में हुआ समापन समारोह।

**देव चौहान, गुड़गांव टुडे**



गुरुग्राम। एसिक स्थापना दिवस के अंतर्गत उप क्षेत्रीय कार्यालय ईएसआईसी गुरुग्राम में विशेष सेवाएं पखवाड़ा-2025 के समापन समारोह का आयोजन कार्यालय अध्यक्ष सुनील यादव की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचदीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इससे पूर्व उप-निदेशक सचिन सिंह ने प्लांट पॉट भेंट कर सुनील यादव का अभिनंदन किया। गौरतलब है कि बीते माह 24 फरवरी को पखवाड़े का शुभारंभ किया गया वहीं इसका समापन 10 मार्च को हुआ। पखवाड़े के दौरान गुरुग्राम की भिन्न-भिन्न कॉलोनियों में विशेष सेवाओं और जागरूकता शिविर आयोजित कर बीमाकृत व्यक्तियों को जागरूक किया गया। वहीं इस दौरान निवारक स्वास्थ्य जांच शिविर एवं स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बीमाकृत व्यक्तियों के बी.पी., पल्स रेट, एच.बी., शुगर आदि की जांच की गई तथा दवाइयां वितरित की गई। ईएसआईसी द्वारा बीमाकृत व्यक्तियों के बच्चों को दिए जाने वाले मेडिकल शिक्षा के बारे में जागरूक किया गया तथा सुविधा समागम का आयोजन करके बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों की शिकायतों का निपटारा किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए कार्यालय अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि हमारा प्रथम दायित्व बीमाकृत व्यक्तियों को सुविधाएं उपलब्ध कराना है। हमें उनके हितलाभों एवं शिकायतों का निपटान त्वरित करना चाहिए। राजेन्द्र प्रसाद-सहायक निदेशक ने गुरुग्राम कॉलोनियों में आयोजित किए चिकित्सा जांच शिविर एवं जागरूकता शिविर के लिए टीम का धन्यवाद किया। साथ ही टीम सदस्यों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

दैनिक भास्कर नई दिल्ली 12-03-2025

### एसिक विशेष सेवा पखवाड़ा 2025 का समापन

# ईएसआईसी टीम सदस्यों को प्रशस्ति-पत्र किया प्रदान



विशेष सेवा पखवाड़ा के समापन समारोह में ईएसआईसी के अधिकारी।

**भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम**

उप क्षेत्रीय कार्यालय ईएसआईसी गुरुग्राम में एसिक विशेष सेवा पखवाड़ा 2025 का समापन हुआ। बीते 24 फरवरी को शुरू हुए इस पखवाड़े के समापन समारोह का आयोजन कार्यालय अध्यक्ष सुनील यादव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुनील यादव एवं अन्य अधिकारियों ने पंचदीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यालय अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि इस विशेष पखवाड़ा के दौरान गुरुग्राम की भिन्न-भिन्न कंपनियों में विशेष सेवाओं और जागरूकता शिविर आयोजित कर बीमाकृत व्यक्तियों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही पखवाड़े के दौरान निवारक स्वास्थ्य जांच शिविर एवं स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बीमाकृत व्यक्तियों के बीपी, पल्स रेट, एचबी, शुगर आदि की जांच की गई तथा दवाइयां वितरित की गई। साथ ही ईएसआईसी द्वारा बीमाकृत व्यक्तियों के बच्चों को दिए जाने वाले मेडिकल शिक्षा के बारे में जागरूक किया गया तथा सुविधा समागम का आयोजन करके बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों की शिकायतों का निपटान किया गया। कार्यालय अध्यक्ष ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा प्रथम दायित्व बीमाकृत व्यक्तियों को सुविधाएं उपलब्ध कराना है तथा हमें उनके हितलाभों एवं शिकायतों का निपटान त्वरित करना चाहिए।